कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2021 / 1388 रायपुर, दिनांक 11/11/21

प्रेस विज्ञप्ति

छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत
मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 (MSI21) दिनांक 28.11.2021 को आयोजन के सम्बंध में
(संशोधित परीक्षा तिथि)

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, रायपुर, (छ.ग.) के अर्द्धशासकीय पत्र क्र./3375 एवं 3376, दिनांक 20.09.2021 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव एवं जारी विज्ञापन क्रमांक/बी–1/1/विविध/176–4(जी)/2020–21/7171 दिनांक 15.03.2021 के आधार पर मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक के पदों पर भर्ती परीक्षा आयोजन हेतु व्यापम की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र मंगाये गये थे। जिसकी ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि 18.03.2021, अंतिम तिथि 04.04.2021, त्रुटि सुधार करने की तिथि 05.04.2021 से 09.04.2021 एवं परीक्षा तिथि 29.04.2021 निर्धारित थी।

कोविड़ 19 महामारी के संक्रमण के कारण मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक पदों पर भर्ती परीक्षा 2021 (MSI21) स्थगित की गई। इस सम्बंध में व्यापम द्वारा प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक/549/परीक्षा/ व्यापम/2021 दिनांक 19.04.2021 जारी किया गया था ।

कोविड 19 महामारी के संक्रमण में कमी होने के कारण अब मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक पदों पर भर्ती परीक्षा 2021 (MSI21) निम्नानुसार आयोजित की जायेगी –

1. **परीक्षा की संशोधित तिथि (संभावित)** – **28 नवंबर 2021 (रविवार)**
2. **परीक्षा का समय :** – **पूर्वान्ह 10:00 से 1:15 बजे तक**

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर